कुलानुशासक कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

दिनांक : 05.10.2018

प्रेस–विज्ञप्ति

आगामी 09 अक्तूबर, 2018 को लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित कला संकाय प्राँगण में आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है । समस्त आगन्तुकों से निवेदन है कि प्रातः 9.30 बजे तक अपना निर्धारित स्थान अवश्य ग्रहण कर ले ।

1. अध्ययन मण्डल एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद् के सदस्य द्वार संख्या 02 से प्रवेश करेंगे तथा मालवीय हाल के सामने से होकर, कला संकाय के पास उतर कर, कुलानुशासक कार्यालय के बगल के बरामदे से होकर पण्डाल में पहुचेंगे । वाहन द्वार संख्या 02 के बाहर खड़े किये जायेगें ।
2. विशिष्ट अतिथि–सचिव, गणमान्य नागरिक एवं सम्मानित अतिथि, तथा समाचार–पत्रों के प्रतिनिधि द्वार संख्या 02 से प्रवेश करेंगे । राजनीति शास्त्र विभाग के समीप द्वार से प्रवेश करके पण्डाल तक पहुँचंगे । वाहन द्वार संख्या 02 की पार्किग में खड़े किये जायेंगे ।
3. शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य अतिथि द्वार संख्या 04 से प्रवेश करके, अपने वाहन को द्वार संख्या 04 की पार्किंग में खड़े करेंगे तथा हिन्दी विभाग के समीप द्वार से पण्डाल में प्रवेश करेंगे ।
4. पदक विजेता एवं डिग्री प्राप्तकर्ता द्वार संख्या 04 से प्रवेश करके, अशोक वाटिका से द्वार संख्या एक की तरफ जाने वाली सड़क से मुड़कर पाश्चात्य इतिहास विभाग की ओर से पण्डाल में प्रवेश करेंगे ।
5. दो पहिया वाहन चालक अपने वाहन द्वार संख्या 04 की पार्किंग में भी खड़ा कर सकते है ।
6. सामान्य छात्रों को पण्डाल में प्रवेश कला संकाय प्राँगण के केन्द्रीय द्वार बास्केट बॉल कोर्ट के पास से उनके परिचय पत्र देख कर दिया जायेगा । प्रमाणस्वरूप छात्र–छात्रायें अपने साथ अपना मूल परिचय–पत्र, शुल्क की रसीद अवश्य लायें । अपने साथ कोई झोला, बैग या ऐसी वस्तु न लायें जो संदिग्ध तथा आपत्तिजनक हो ।
7. परिसर स्थित अन्य सभी प्रवेश द्वार बन्द रहेंगे ।
8. पण्डाल में सभी वर्गो के व्यक्तियों को बैठने के लिए अलग–अलग दीर्घा बनायी गयी है । कृपया निर्धारित स्थल पर ही बैठने का कष्ट करें, ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो ।

अतः सर्वसाधारण से अपील है कि वे उक्त व्यवस्था का अनुपालन कर विश्वविद्यालय प्रशासन को सहयोग देने का कष्ट करें, ताकि दीक्षान्त समारोह 2018 सकुशल सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

(प्रो0 विनोद सिंह)

कृ0प0उ0

संख्या 3302-3365 दिनांक :05.10.2018

प्रतिलिपि माननीय कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
1. समस्त संकायाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. मुख्य अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रावास, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त छात्रावासों में उक्त सूचना समयानुसार प्रसारित करवाने का कष्ट करें ।
3. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त सम्मानित समाचार-पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. अपर कुलानुशासक, द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. विशेष कार्याधिकारी, प्रबन्धन विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि सूचना एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिलाधिकारी, लखनऊ ।
2. अपर जिला मैजिस्ट्रेट, (ट्राँस गोमती) लखनऊ।
3. अपर नगर मैजिस्ट्रेट (पंचम), लखनऊ ।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ ।
5. पुलिस अधीक्षक (ट्राँस गोमती) लखनऊ।
6. क्षेत्राधिकारी, महानगर, लखनऊ ।
7. प्रभारी निरीक्षक, थाना हसनगज, जनपद-लखनऊ ।
8. प्रभारी पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्याकलय, लखनऊ ।

(प्रो0 विनोद सिंह)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ